भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1096

उत्तर देने की तारीख 21 दिसम्बर, 2017

30 अग्रहायण, 1939 (शक)

खेलों के नाम

1096. श्री मोहम्मद सलीमः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में सफलता प्राप्त करने वाली राष्ट्रीय टीमों और व्यक्तिगत खिलाड़ियों वाले खेलों के नाम क्या हैं;

(ख) आने वाले वर्षों में खेलों में खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए नए क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों से खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए कोई कार्यवाही की गई है; और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

{कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ (सेवानिवृत्त)}

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान, भारतीय टीमों और खिलाड़ियों ने निशानेबाजी, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, कुश्ती, एथलेटिक्स, पैरा-एथलेटिक्स, हाकी, तीरंदाजी, जिम्नास्टिक, बिलियर्ड और स्नूकर, भारोत्तोलन, स्कवैश, कबड्डी और लॉन टेनिस में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं।

(ख) उन खेल विधाओं, जिनमें भारतीय खिलाड़ी/ टीमें अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं, में भागीदारी के अतिरिक्त भारतीय टीमों को मार्शल आर्ट खेल, गैर-पारंपरिक खेल जैसे लॉन बाउल, टेन-पिन बाउलिंग, रोलर स्पोर्टस आदि की विभिन्न खेल विधाओं में भी प्रतिभागिता के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

(ग) भारतीय खेल प्राधिकरण (भाखेप्रा) की विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत चयनित अधिकांश युवाओं (खिलाड़ियों) की पहचान देश के ग्रामीण, जनजातीय और पिछड़े क्षेत्रों से की गई है। भाखेप्रा की विशेष क्षेत्र खेल (एसएजी) स्कीम में 10-18 वर्ष के आयु समूह के ग्रामीण और जनजातीय युवाओं में प्रतिभा का पता लगाने पर जोर दिया गया है। वर्तमान में, 20 एसएजी केंद्र हैं जिनमें 2182 प्रशिक्षु (1236 लड़के और 946 लड़कियां) हैं।

****